पीएम स्वनिधि

# मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 155 फुटपाथ दूकानदारों को दिया जाएगा योजना का लाभ

## पीएम स्वनिधि के तहत 20 से 24 दिसंबर तक चलेगा ऋण संवितरण अभियान

### मानगो में 20 से 24 तक चलेगा ऋण अभियान

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम में 20 से 24 दिसंबर तक पीएम स्वनिधि के तहत विशेष ऋण संवितरण अभियान चलेगा. इसे लेकर शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई. कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि 20 दिसंबर को ऋण संवितरण कैंप बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक में आयोजित किया जायेगा. इसमें 155 फुटपाथ दुकानदारों (पथ विक्रेताओं) को कैंप लगाकर योजना का लाभ दिया जायेगा. लाभुकों को बैंक तक भेजने तथा बैंक में लाभुकों के सहयोग के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है. प्रतिनियुक्त कर्मियों को बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए विशेष ऋण संवितरण शिविर में लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने का दिशा निर्देश दिया गया है.